प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 शुक्रवार** **दिनांक 21.03.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले वर्ष मार्च तक भारत से समाप्त हो जाएगा नक्सलवाद।

2— आज संपन्न हो रहा है छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र।

3— छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती के परिणाम कल घोषित किए जाएंगे।

4— प्रदेश के कुछ जिलों में आज मौसम में आया बदलाव—बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**केन्द्रीय गृहमंत्री—नक्सलवाद**

_______केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में आज गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का उत्तर देते कहा कि अगले वर्ष मार्च तक भारत में नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सड़क संपर्क और इंटरनेट की पहुंच बेहतर होने के साथ ही नए बैंक और एटीएम खोले गए हैं।

**माओवादी–शिनाख्त**

_______बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में कल हुई मुठभेड़ में शहीद हुए बीजापुर डीआरजी के आरक्षक राजूराम ओयाम के पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय लाया गया। शहीद जवान को नये पुलिस लाईन स्थित शहीद वाटिका में श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

इस बीच, इस मुठभेड़ में मारे गए छब्बीस माओवादियों में से अट्ठारह माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। बाकी बचे माओवादियों की पहचान की जा रही है। जिन अट्ठारह माओवादियों की शिनाख्त की गई है, उनमें एक डीवीसीएम, पांच एसीएम, तीन पीपीसीएम और नौ पीएलजीए प्लाटून सदस्य शाामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इन सभी माओवादियों पर कुल तिरानवे लाख रूपए का इनाम घोषित था। घटनास्थल से भारी मात्रा में एके–फोर्टी सेवन, एसएलआर, इंसास रायफल, थ्री नॉट थ्री रायफल, रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर हथियार सहित विस्फोटक पदार्थ और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

कल जो तीस माओवादी मुठभेड़ में मारे गए थे,. उनमें पन्द्रह महिला माओवादी भी शामिल थीं।

**गरियाबंद–माओवादी रूपए जब्त**

_______गरियाबंद जिले के मैनपुर–पण्डरीपानी के पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा सुरंग में छुपा कर रखे गए आठ लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बम बनाने में उपयोग किए जाने वाले तेरह जिलेटिन, नक्सली बैनर, दस से अधिक डायरी और साहित्य भी जब्त किया है।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

_______इस बीच, खबर मिली है कि आज सुकमा जिले में चार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें दो लाख रूपए की एक इनामी महिला माओवादी भी शामिल है।

**विस–ध्यानाकर्षण**

_______

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है। सत्र के दौरान कुल सत्रह बैठकें हुईं।

सदन में आज भाजपा सदस्य धर्मजीत सिंह ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए राज्य की नदियों में घटते भूजल स्तर का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि शिवनाथ जैसी महत्वपूर्ण नदियों में भूजल स्तर घटने से इस साल मार्च महीने में सूखे जैसे हालात बन गए हैं, जिससे राज्य में जल संकट की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में भूजल स्तर दिनों–दिन घटता जा रहा है। जवाब में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन कार्यक्रम के अंतर्गत अड़सठ हजार से अधिक कार्य किए गए हैं। वहीं, बत्तीस हजार से अधिक तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है। इसके अलावा जल भराव, वाटर शेड और पौधरोपण के कार्य भी किए गए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को गर्मी के मौसम में जल संकट की चुनौतियों से निपटने के लिए एक सप्ताह के भीतर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर कार्ययोजना बनाने के लिए कहा। इस पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि वे इस मामले में कलेक्टरों को निर्देश देंगे।

**विस–बहिर्गमन**

_______विधानसभा में आज नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत और अन्य कांग्रेस विधायकों ने शून्यकाल में धान खरीदी में अनियमितता का आरोप लगाते हुए स्थगन प्रस्ताव लाया, जिसे विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने अग्राह्य कर दिया। इससे नाराज विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

वहीं, आज सदन में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल विधेयक, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय स्थापना–संचालन संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक  पारित किया गया। हालांकि विपक्षी सदस्यों ने छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक को लेकर आपत्ति जताई, जिसे सभापति ने ख़ारिज कर दिया। इससे नाराज कांग्रेस विधायकों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान करते हुए यह विधेयक सदन ने पारित किया है।

आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने उत्कृष्ट विधायकों और पत्रकारों के नामों की घोषणा की। सत्तापक्ष से भारतीय जनता पार्टी की पंडरिया विधायक भावना बोहरा और विपक्ष से कांग्रेस के बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को वर्ष दो हजार चौबीस के लिए उत्कृष्ट विधायक चुना गया है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से योगेश मिश्रा और प्रिंट मीडिया से राकेश पांडे को उत्कृष्ट पत्रकार के रूप में चुना गया।

**राष्ट्रपति दौरा**

_______राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चौबीस मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगी। राष्ट्रपति भारतीय वायु सेना के विमान से सुबह करीब साढ़े दस बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगी। एयरपोर्ट पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और गणमान्य लोग उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद वे सड़क मार्ग से छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए रवाना होगी, जहां वे विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल होंगी। इस दौरान राष्ट्रपति का प्रबोधन भी होगा।

कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति करीब साढ़े बारह बजे वापस रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगी और विशेष विमान द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

## अग्निवीर भर्ती–परिणाम

_______छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती के परिणाम कल बाईस मार्च को घोषित किए जाएंगे। परीक्षा में सफल अभ्यर्थी इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे। अभ्यर्थी परिणाम देखने के लिए जॉइन इंडियन आर्मी के साइट **डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू डॉट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन.** का अवलोकन कर सकते हैं। परिणाम सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

## ईओडब्ल्यू–आरआई परीक्षा

_______प्रदेश में पटवारी से राजस्व निरीक्षक–आरआई के पद पर प्रमोशन के लिए हुई भर्ती परीक्षा घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू और एंटी करप्शन ब्यूरो एसीबी ने एफआईआर दर्ज कर ली है। गौरतलब है कि घोटाला सामने आने के बाद के.डी. कुंजाम की अध्यक्षता वाली कमेटी ने जांच रिपोर्ट में इस बात की अनुशंसा की थी।

## मौसम

_______प्रदेश के मौसम में बदलाव होने से बलरामपुर और सक्ती जिले सहित कुछ जिलों में आज ओलावृष्टि हुई। तेज बारिश और ओलावृष्टि के चलते खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, रायपुर में दोपहर बाद अंधड़ के साथ ही हल्की वर्षा दर्ज की गई।

जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में आज आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई है। वहीं, एक अन्य युवक घायल हो गया है।

इधर, बलरामपुर जिले में कल आकाशीय बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है यह हादसा पुलिस चौकी गणेश मोड़ के पास हुआ, जहां बारिश से बचने के लिए झोपड़ीनुमा घर में शरण लेने के दौरान बिजली गिरी।

उधर, कोरबा जिले में अचानक आई आंधी बारिश से न्यू वैष्णवी राईस मिल की दीवार गिरने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, छह अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मौसम विभाग ने कल बाईस मार्च को प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि के भी आसार है। सरगुजा और बिलासपुर संभाग में आंधी चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में आज आयोजित गौ सेवा रत्न अलंकरण महोत्सव में राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने गौशाला में पहुंचकर विधिवत पूजा–अर्चना की और गौ माता की आराधना में भाग लिया।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बाईस मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से जल संरक्षण अभियान को जनआंदोलन का रूप देने की अपील की है।

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज वर्चुअल रूप से सूरजपुर जिला न्यायालय में नवीन अभिलेखागार कक्ष और पीड़ित विश्राम कक्ष का लोकार्पण किया।

– सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज ने आज नई दिल्ली में रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और उनसे अंबिकापुर क्षेत्र की रेल सुविधाओं से संबंधित लंबित मांगों को शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह किया।

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्री.एम.सी.ए और पी.पी.टी. की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि ग्यारह अप्रैल है।

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत उप अभियंता के पदों की भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि एक अप्रैल है।

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा–टीईटी के ई–प्रमाण पत्र जारी कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>